प्रेषक,

मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
19–ए, विधान सभा मार्ग, लखनऊ।

सेवा मे,

मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
जनपद– बिजनौर।

पत्र संख्याः एस0पी0एम0यू0 / एस0एस0भ्रमण / बिजनौर / 2019–20 / 3981     दिनांक 02.08.19

**विषय : सहयोगात्मक पर्यवेक्षण टीम द्वारा चिन्हित गैप्स / समस्याओं के निराकरण के सम्बंध में।**

**महोदय,**

अवगत कराना हैं कि राज्य स्तरीय सहयोगात्मक पर्यवेक्षण टीम द्वारा दिनांक 25.06.2019 से 27.06.2019 के मध्य आपके जनपद में चिकित्सा इकाईयों पर प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर किये जाने के उद्देश्य से भ्रमण किया गया था।

भ्रमण दल द्वारा चिकित्सा इकाईयों पर प्रदान की जा रही सेवाओं में सुधार लाने हेतु सुझाव सम्बंधित इकाईयों के प्रभारियों तथा जनपदीय टीम को दिये गये (विवरण संलग्नक)। कृपया भ्रमण दल द्वारा इंगित कमियों को एवं दिये गये सुझावों के सम्बंध में कृत कार्यवाही से शीघ्र ही अधोहस्ताक्षरी को अवगत करायें।

**संलग्नक– यथोक्त।**

भवदीय,

(थमीम अंसारिया ए )
अपर मिशन निदेशक

पत्र संख्याः एस0पी0एम0यू0 / एस0एस0भ्रमण / बिजनौर / 2019–20 /     तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. महानिदेशक प0क0, उ0प्र0, लखनऊ।
2. मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, मुरादाबाद मण्डल, उ0प्र0।
3. जिला अधिकारी / अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति, बिजनौर, उ0प्र0।
4. समस्त महाप्रबन्धक / उप महाप्रबन्धक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0, लखनऊ।
5. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, एन0एच0एम0, मुरादाबाद, उ0प्र0।
6. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, एन0एच0एम0, बिजनौर, उ0प्र0।

(डॉ0 मनोज कुमार शुक्ल)
महाप्रबन्धक–किशोर स्वास्थ्य

प्रेषक,

मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
19–ए, विधान सभा मार्ग, लखनऊ।

सेवा मे,

मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
जनपद– बिजनौर।

पत्र संख्याः एस0पी0एम0यू0 / एस0एस0भ्रमण / बिजनौर / 2019–20 / दिनांक 02.08.19

**विषय : सहयोगात्मक पर्यवेक्षण टीम द्वारा चिन्हित गैप्स / समस्याओं के निराकरण के सम्बंध में।**

**महोदय,**

अवगत कराना हैं कि राज्य स्तरीय सहयोगात्मक पर्यवेक्षण टीम द्वारा दिनांक 25.06.2019 से 27.06.2019 के मध्य आपके जनपद में चिकित्सा इकाईयों पर प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर किये जाने के उद्देश्य से भ्रमण किया गया था।

भ्रमण दल द्वारा चिकित्सा इकाईयों पर प्रदान की जा रही सेवाओं में सुधार लाने हेतु सुझाव सम्बंधित इकाईयों के प्रभारियों तथा जनपदीय टीम को दिये गये (विवरण संलग्नक)। कृपया भ्रमण दल द्वारा इंगित कमियों को एवं दिये गये सुझावों के सम्बंध में कृत कार्यवाही से शीघ्र ही अधोहस्ताक्षरी को अवगत करायें।

भवदीया

**संलग्नक– यथोक्त।**

(थमीम अंसरिया ए )
अपर मिशन निदेशक

पत्र संख्याः एस0पी0एम0यू0 / एस0एस0भ्रमण / बिजनौर / 2019–20 / 3981-6 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. महानिदेशक प0क0, उ0प्र0, लखनऊ।
2. मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, मुरादाबाद मण्डल, उ0प्र0।
3. जिला अधिकारी / अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति, बिजनौर, उ0प्र0।
4. समस्त महाप्रबन्धक / उप महाप्रबन्धक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0, लखनऊ।
5. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, एन0एच0एम0, मुरादाबाद, उ0प्र0।
6. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, एन0एच0एम0, बिजनौर, उ0प्र0।

(डॉ0 मनोज कुमार शुक्ल)
महाप्रबन्धक–किशोर स्वास्थ्य

# जनपद बिजनौर की सपोर्टिव सुपरविजन विजिट आख्या

## भ्रमण अवधि– दिनांक 25.06.2019 से 27.06.2019

## राज्य स्तरीय टीम

1. श्री सौरभ तिवारी, सलाहकार, आर0के0एस0के0।
2. श्री विनीत श्रीवास्तव, कार्यक्रम समन्वयक, आयुष।

मिशन निदेशक, एन0एच0एम0 द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में उपरोक्त टीम द्वारा दिनांक 25–27 जून 2019 के मध्य जनपद बिजनौर का भ्रमण कर एल–3, एल–2 व एल–1 स्तर की स्वास्थ्य इकाईयों, नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा स्कूलों में संचालित आर0के0एस0के0/आर0बी0एस0के0 कार्यक्रम व सामुदायिक गतिविधियों का अवलोकन किया गया। भ्रमण रिपोर्ट निम्नानुसार है–

**अपर मुख्य चिकित्साधिकारी–आर0सी0एच0, जनपद बिजनौर के साथ बैठक में निम्नवत् बिन्दु प्रकाश में आये –**

| अवलोकन बिन्दु | सुझाव/कृत सुधारात्मक कार्यवाही | जिम्मेदारी |
|---|---|---|
| राज्य स्तर से स्पष्ट निर्देशोंपरांत विगत 6 माह में राज्य स्तर की टीम द्वारा जनपद बिजनौर मे किये गये 03 भ्रमण में प्रभारी डी0पी0एम0 द्वारा किसी प्रकार न तो सहयोग किया गया। | जिला कार्यक्रम प्रबंधक की नवीन नियुक्ति की आवश्यकता है। | महाप्रबंधक मानव संसाधन/महाप्रबंधक –एम0एण्ड0ई0 |
| वित्तीय वर्ष 2019–20 में जनपद बिजनौर में कुल 13 वाहन सहयोगात्मक पर्यवेक्षण हेतु अनुबंधित किये गये थे किन्तु वर्तमान तक राज्य स्तर पर अनुबंध की प्रति एवं वाहनो की सूचना राज्य स्तर पर उपलब्ध नही करायी गयी। | ए0सी0एम0ओ0–आर0सी0एच0 ने आश्वासन दिया कि वित्तीय वर्ष 2018–19 एवं 2019–20 के अनुबंध की प्रति एवं वाहनो की सूचना राज्य स्तर पर उपलब्ध करा दी जायेगी। | ए0सी0एम0ओ0–आर0सी0एच0/जिला कार्यक्रम प्रबंधक इकाइ |
| वित्तीय वर्ष 2019–20 में जनपद बिजनौर में कुल 13 सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के वाहन उपलब्ध हाने के उपरांत एक भी भ्रमण आख्या/चेकलिस्ट http://www.upnrhm.gov.in के पोर्टल पर अपलोड नही है, समस्त अधिकारी/कर्मचारी की भ्रमण आख्या पोर्टल पर अपलोड कराने की आवश्यकता है। अवगत कराया गया कि समयोगात्मक पर्यवेक्षण नियमित रूप से सम्पदित किया जाता एवं आख्याएं जल्द अपलोड कराने हेतु जिला कार्यक्रम प्रबंधक को निर्देशित किया। | जिला कार्यक्रम प्रबंधक सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की समस्त आख्या/ चेकलिस्ट www.upnrhm.gov.in एवं RMNCHA पोर्टल पर अपलोड करना अपेक्षित है। | जिला कार्यक्रम प्रबंधक |
| जनपद में डाटा आडिट की आवश्यकता है। भौतिक आकडों एवं पोर्टल पर अपलोड आकडों में भिन्नता पायी गयी। | ऑकड़ों की नियमित समीक्षा प्रत्येक स्तर के अधिकारियों द्वारा किया जाए। भिन्नता की भी जॉच सुधार करते हुए पोर्टल पर अपलोड कराये जाने का सुझाव दिया गया। | जनपदीय लेखा प्रबन्धक एवं ब्लाक लेखा प्रबन्धक |
| वित्तीय वर्ष 2019–20 में जनपद बिजनौर में जिला स्वास्थ्य समिति की 03 के सापेक्ष 0 कार्यकारी निकाय एवं 0 शासी निकाय की बैठको के कार्यवृत्त पोर्टल पर अपलोड की गयी है। ए0सी0एम0ओ0 द्वारा सूचित किया गया कार्यकारी निकाय की बैठकें आयोजित की गयी है। | कार्यवृत्त अपलोड कराया जाना अपेक्षित है। | जिला कार्यक्रम प्रबंधक |
| वित्तीय वर्ष 2018–19 में जनपद बिजनौर में जिला आडिट कमिटी के कार्यवृत्त पोर्टल पर शून्य अपलोड किये गये है। | | |
| कई 102 एम्बुलेन्स व 108 एम्बुलेन्स में हूटर खराब, दवा बी0पी0 मापक यंत्र उपलब्ध नहीं है। जनपद में संचालित समस्त 108/102 एम्बुलेन्स में ए0सी0 खराब था। कई एम्बुलेन्स 10 लाख की दूरी तय कर चुकी एवं पुरानी है उनके प्रतिस्थापन की आवश्यकता है। | चिकित्सा इकाई के प्रभारी द्वारा नियमित रुप से एम्बुलेन्स के रखरखाव, औषधियों की उपलब्धता एवं लागबुक की जॉच करायी जाये। | महाप्रबंधक ई0एम0टी0/चिकित्सा अधीक्षक/ ई0एम0ई |
| प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र – नूरपुर में वर्तमान चिकित्सा प्रभारी से हुई वार्ता के क्रम में ज्ञात हुआ कि वित्तीय वर्ष 2018–19 का वी0एच0एस0एन0सी0 एवं अनटायड फण्ड की धनराशि बैंक से निकाली जा चुकी एवं प्रधान/ठेकेदार/सेवा प्रदाता को नही मिली है। | उक्त की जांच मुख्य चिकित्सा अधिकारी स्तर से अपेक्षित है। | मुख्य चिकित्साधिकारी |

| | | |
|---|---|---|
| प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में BAM का पद रिक्त है। श्री मुकुल, ब्लाक लेखा प्रबंधक को अतिरिक्त कार्यभार के रूप में प्रत्येक सप्ताह के अंतिम 02 दिनों में पी0एच0सी0 नूरपूर के कार्यो को सम्पादित करने हेतु तैनात किया गया किन्तु श्री मुकुल द्वारा उक्त दो दिन वहा उपस्थिति नही की जाती है। | श्री मुकुल, ब्लाक लेखा प्रबंधक को प्रत्येक सप्ताह 02 कार्यदिवस पी0एच0सी0 में अपनी सेवाएं प्रदान न करने हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी स्तर से स्पष्टीकरण दिया जाना सुनिश्चित करें। | मुख्य चिकित्साधिकारी |

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र – नूरपुर

सम्पर्क अधिकारी– डा जितेन्द्र कुमार, चिकित्सा प्रभारी।

- चिकित्सा प्रभारी कक्ष में चिकित्सा इकाई के डैसबोर्ड नही लगे पाये गये। टीम द्वारा सुझाव दिया गया कि इकाई के समस्त आकडों के साथ वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की सारणी कक्ष में लगवाना सुनिश्चित करें।

| अवलोकन बिन्दु | सुझाव / कृत सुधारात्मक कार्यवाही | जिम्मेदारी |
|---|---|---|
| चिकित्सालय परिसरः– | | |
| **चिकित्सालय** परिसर की सडक अत्यंत जर्जर है। चिकित्सा इकाई की बिल्डिंग के अन्दर जाते ही मीटर बोर्ड में बिजली के तार खुले हुये पाये गये। | टीम द्वारा सडक निर्माण कराने हेतु लिखित निवेदन प्रेषित करने का सुझाव दिया गया। तारो व बोर्ड को तत्काल ठीक कराते हुये वो स्ट्रीगर हटाया गया। | चिकित्सा प्रभारी |
| चिकित्सालय में अक्रियाशील सामग्री एक स्थान पर भरी हुयी पायी गयी। | टीम द्वारा सुझाव दिया गया कि तुरंत कन्डम कराने हेतु अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित करें। | चिकित्सा अधीक्षक |
| **चिकित्सालय** परिसर में सभागार का निर्माण किया गया जिसमें फर्श, खिडकी इत्यादि नही लगे है। उक्त सभागार की जमीन नही बनी पायी गयी। प्रभारी द्वारा आश्वस्त किया गया कि इस वित्तीय वर्ष में पक्की जमीन का निर्माण कर दिया जायेगा। | निर्माण शीघ्र पूर्ण कराने हेतु निदेर्शित किया गया है। | चिकित्सा अधीक्षक |
| 5'5 मैट्रिक्स डिस्प्ले नहीं था। ई0डी0एल0 का अपडेटेड प्रदर्शन नही किया गया था। कंडोम बाक्स लगा पाया गया किन्तु उसमे कंडोम नही पाये गये। | 5'5 मैट्रिक्स प्रदर्शित करने, कंडोम बाक्स में कंडोम भरने तथा ई0डी0एल0 का अपडेटेड प्रदर्शन करने का सुझाव दिया गया । | चिकित्सा अधीक्षक |
| परिसर में अंगूठा इम्प्रेशन मशीन अक्रियाशील पायी। अधिकारियों से हुई वार्ता के कम में ज्ञात हुआ कि 01 माह पूर्व उक्त को ठीक कराने हेतु पत्र प्रेषित किया गया है किन्तु अग्रेतर कार्यवाही नही हुई। | अवगत कराया गया कि अनुस्मारक पत्र प्रेषित करते हुये एजेन्सी से सम्पर्क स्थापित कर तुरतं ठीक कराने की कार्यवाही की जाये। | चिकित्सा अधीक्षक |




| | | |
|---|---|---|
| मानव संसाध | | |
| चिकित्सा इकाई में 06 स्टाफ नर्स के सापेक्ष मात्र 01 स्टाफ नर्स एस0बी0ए0 प्रशिक्षित व 03 पी0पी0आई0यू0सी0डी0 प्रशिक्षित है अतः मानव संसाधन के प्रशिक्षण की आवश्यकता है। | आगामी सत्रों में प्रशिक्षण कराया जाये | चिकित्सा प्रभारी डी0पी0एम0 |
| वित्त– | | |
| प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में अवगत कराया गया कि BAM का पद रिक्त है। श्री मुकुल, ब्लाक लेखा प्रबंधक को अतिरिक्त कार्यभार के रूप में प्रत्येक सप्ताह के अंतिम 02 दिनों में पी0एच0सी0 नूरपूर के कार्यो को | श्री मुकुल, ब्लाक लेखा प्रबंधक को प्रत्येक सप्ताह 02 कार्यदिवस पी0एच0सी0 में अपनी सेवाएं प्रदान न करने हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी स्तर से | मुख्य चिकित्साधिकारी |

| | | |
|---|---|---|
| ...करने हेतु तैनात किया गया किन्तु श्री मुकुल द्वारा उक्त दो ... उपस्थिति नही हो रहे है। | स्पष्टीकरण दिया जाये। | |
| ...0पी0एम0 को आर0के0एस0 के सम्बन्ध में कोई जानकारी नही ... गयी न ही इसके सम्बन्ध में आर0के0एस0 के फण्ड सम्बन्धित ...र्यो में बी0सी0पी0एम0 को सम्मलित नही किया जा रहा है। | बी0सी0पी0एम0 के अभिमुखीकरण का सुझाव दिया गया। | चिकित्सा प्रभारी |
| चिकित्सा प्रभारी से हुई वार्ता के कम में ज्ञात हुआ कि वित्तीय वर्ष 2018–19 का वी0एच0एस0एन0सी0 एवं अनटायड फण्ड की धनराशि बैक से निकाली जा चुकी एवं प्रधान/ठेकेदार/सेवा प्रदाता को कोई भी भुगतान नही मिली है। उक्त धनराशि कहां है इसकी जानकारी किसी को नही है। वित्तीय वर्ष 2018–19 का वी0एच0एस0एन0सी0 का कार्य श्री प्रेम कुमार एल0ए0 द्वारा तत्कालीन प्रभारी चिकत्सा अधिकारी डॉ कुनाल के निर्देशन में देखा जा रहा था। माह जनवरी 2019 से प्रभारी का चार्ज डा0 अजय को मिला है, जो वर्तमान में तैनात है किन्तु उनको वी0एचएस0एन0सी0 का वित्तीय वर्ष 2018–19 से सम्बन्धित रिकार्ड प्राप्त नही हुआ है। जिससे वी0एच0एस0एन0सी का वित्तीय वर्ष 2018–19 के खातो में धनराशि हस्तातरित करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उनके द्वारा कयी बार मौखिक रूप से एवं पत्रांक दिनांक 01.03.2019 द्वारा मॉगे जाने पर भी पूरा रिर्काड प्राप्त नही हुआ है। | उक्त की जांच मुख्य चिकित्सा अधिकारी स्तर से अपेक्षित है। | मुख्य चिकित्साधिकारी |
| एफ0एम0आर0 वार पी0एच0सी0 की आवंटित धनराशि के रिकार्ड नही पाये गये। जानकारी दी गयी कि जिसके पास रिकार्ड है वो छुटटी पर है। | टीम द्वारा मूवमेन्ट रजिस्टर बनाने एवं उक्त कर्मचारियों के विरूद्व न्यायोचित कार्यवाही करने का सुझाव दिया गया। | चिकित्सा अधीक्षक |
| आई0ई0सी0:– | | |
| परिसर में भ्रमण के दौरान समस्त कार्यक्रमों की विभिन्न आई0ई0सी0 पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं थी। | विभिन्न कार्यक्रमों की अपडेटेड आई0ई0सी0 जनपद स्तर से प्राप्त कर यथास्थान डिस्प्ले कराये जाने का सुझाव दिया गया। | चिकित्सा अधीक्षक |
| पंजीकरण कक्ष के बाहर गर्भवती महिलाओं के निःशुल्क पंजीकरण का डिस्प्ले नहीं था व गर्भवती महिलाओं से पंजीकरण शुल्क लिया जा रहा था। | गर्भवती महिलाओं के निःशुल्क पंजीकरण का डिस्प्ले करने व गर्भवती महिलाओं से पंजीकरण शुल्क न लिये जाने का सुझाव दिया गया। | चिकित्सा अधीक्षक |
| स्टोर व अन्य बिन्दु | | |
| स्टोर में दवाईयों आदि का रख–रखाव समुचित रूप से नही पाया गया। रिकार्ड भी अद्यतन नही थे। | अपडेटेड लेबलिंग करने का सुझाव दिया गया। साथ ही स्टाक की नियमित उपलब्धता हेंतु बफर स्टाक रखते हुए मॉगपत्र प्रेषित करने का सुझाव दिया गया। | चीफ फार्मासिस्ट |
| वार्ड मे बेड साइड लाकर, स्टूल, ड्रिप स्टैण्ड इत्यादि समुचित मात्रा में उपलब्ध नही थे। वार्ड में अलमीरा रखा पाया गया। | उल्लिखित वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये साथ ही वस्तुएं उपलब्ध न होने की दशा में इण्डेन्ट किया जायें। साथ ही उपलब्ध बेड साइड लाकर, स्टूल, ड्रिप स्टैण्ड को यथास्थान रखवाया गया तथा अलमीरा को हटवाया गया। | चिकित्सा अधीक्षक |

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र –नजीबाबाद,**

**सम्पर्क अधिकारी–** डा0 अजीत सिंह, चिकित्सा अधीक्षक।

| अवलोकन बिन्दु | सुझाव/कृत सुधारात्मक कार्यवाही | जिम्मेदारी |
|---|---|---|
| मानव संसाधन | | |
| चिकित्सा इकाई में 01 चिकित्सक, 06 स्टाफ नर्स तैनात है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र होने के उपरांत बी0पी0एम0यू0 यूनिट पी0एच0सी0 में स्थापित है स्टाफ नर्स का दक्षता का प्रशिक्षण प्राप्त है अन्य प्रशिक्षण की आवश्यकता है। | प्रशिक्षण कराये जाने हेतु निदेर्शित किया गया। | डी0पी0एम0 |
| चिकित्सालय परिसरः– | | |
| चिकित्सा इकाई में विद्युत आपूर्ति ग्रामीण विद्युत फिडर है, जिसमें मात्र 4–5 घंटे आपूर्ति होती है। जबकि टाउन फिडर मात्र 100–200 मी0 दूर होने के बावजूद टाउन फिडर से कनेक्शन नही है। प्रभारी चिकित्सक | अवगत कराया गया कि आगामी डी0एच0एस0 में डी0एम0 महोदय के समक्ष प्रकरण प्रस्तुत कर अधिशासी अभियन्ता निदेर्शित कराने की | मुख्य चिकित्सा अधिकारी |

| | | |
|---|---|---|
| द्वारा उपखण्ड अधिकारी एवं पत्रांक सी0एच0सी0/विद्युत फिडर/2019-20/24 दिनांक 06.04.19 के माध्यम से मुख्य चिकित्सा अधिकारी को अवगत कराया गया है | कार्यवाही की जायें। | |
| चिकित्सा इकाई मे मरमम्त कराने की आवश्यकता है। वार्डो में छत खराब हो चुकी है एवं जल रिसाव हो रहा है तथा जगह-जगह सीलन पायी गयी। बाउड्रीवाल भी टूटी है। | मुख्य चिकित्सा अधिकारी को उक्त हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया जाये। | चिकित्सा अधीक्षक |
| रोगी कल्याण समिति के 2.5 लाख प्राप्त हुये है किन्तु रोगी कल्याण समिति की बैठक, कार्यवृत्त एवं रजिस्टर नही है। लक्ष्य हेतु 10 लाख में मात्र 5 लाख प्राप्त हुये है। | चिकित्सा प्रभारी समस्त अभिलेखों को अद्यतन कराना एवं व्यय सुनिश्चित करने का सुझाव दिया गया। | चिकित्सा अधीक्षक |
| सिटीजन चार्टर डिस्प्ले था। 5'5 मैट्रिक्स डिस्प्ले नहीं था। ई0डी0एल0 का अपडेटेड प्रदर्शन किया गया था। हेल्पडेस्क की व्यवस्था नहीं थीं। | जनपद स्तर से 5'5 मैट्रिक्स प्राप्त करने तथा हेल्पडेस्क की ब्यवस्था करने का सुझाव दिया गया। | चिकित्सा अधीक्षक |
| चिकित्सा अधीक्षक कक्ष में वर्ष 2011 से वर्तमान माह तक का उपलब्धि विवरण दर्ज नही था। | अच्छे चार्ट पेपर या बड़े साईज के प्रिण्ट डिस्प्ले करने का सुंझाव दिया गया। | चिकित्सा अधीक्षक |
| परिसर के अन्दर शिकायत पेटिका नहीं पायी गयीं। शिकायत निवारण कमेटी का गठन रिकार्ड भी उपलब्ध नही पाया गया। | शिकायत पेटिका लगवाने का एवं शिकायत निवारण कमेटी का गठन व रिकार्ड मेण्टेन करने का सुझाव दिया गया। | चिकित्सा अधीक्षक |
| चिकित्सालय में बी0एम0डब्लू0 के कान्ट्रैक्ट की प्रति उपलब्ध नही था। जिससे संस्था द्वारा दियें जाने वाले कन्जयूमेंबिल्स के संबंध में जानकारी नही थी। | बी0एम0डब्लू0 के कान्ट्रैक्ट की प्रति की चिकित्सालय में उपलब्धता सुनिश्चित करने का सुझाव दिया गया। | चिकित्सा अधीक्षक |
| स्टोर में मेडिसिन का रख रखाव समुचित रूप से नही किया गया था। | मेडिसिन का रख रखाव लेबिलिंग कर समुचित रूप से किया जाये । | फार्मासिस्ट<br>चिकित्सा अधीक्षक |
| **बायोमेडिकल वेस्ट–** | | |
| चिकित्सालय में Bins उपलब्ध थीं। डस्ट बिन में अलग-अलग रंग की पॉलीथिन नहीं थी। बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेण्ट पर सम्बन्धित स्टाफ का ओरिएण्टेशन कराये जाने की जरुरत है। बी0एम0डब्लू0 दिन में एक बार आता पाया गया। | बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेण्ट पर सम्बन्धित समस्त स्टाफ का अभिमुखीकरण कराये जाने व Colour Coded Bins की उपलब्धता सुनिश्चित करने का सुझाव दिया गया। | चिकित्सा अधीक्षक |
| **एक्स रे कक्ष–** | | |
| एक्स रे कक्ष में साफ-सफाई का अभाव था।एक्स-रे टेक्नीशियन द्वारा लेड अप्रेन का प्रयोग नहीं किया जा रहा था। चिकित्सालय में आर्थोपेडिक सर्जन की उपलब्धता नही है। फैक्चर एवं दूघटना केस का एक्सरे किया जा रहा था। एक्स-रे कक्ष में पार्टिशन कराने की आवश्यकता है। | चिकित्सा अधीक्षक द्वारा एक्स-रे टेक्नीशियन को निर्देशित किया गया कि ऐसे केसेज को रेफर किया जाए। रेफरल हेतु आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने एवं कक्ष में पार्टिशन करने का सुझाव दिया गया। | चिकित्सा अधीक्षक/ एक्सरे टेक्निशियन |
| **मातृत्व स्वास्थ्यः–** | | |
| इकाई में 100 प्रसव प्रति माह होते पाये गये। लेबर रूम में Bins उपलब्ध थे परन्तु किस बिन में क्या डालना है से संबंधित पोस्टर या लेखन नही लगा था। लेबर रूम में ए0सी0 लगा है किन्तु रोशनदान/Exhaust Fan लगा होने के कारण तापमान मेनटेन नही हो रहा है। | पोस्टर लगाने एवं रोशनदान तथा Exhaust Fan हटाने हेतु निदेर्शित किया गया। | चिकित्सा अधीक्षक |
| ए0एन0सी0 रजिस्टर में प्रथम जाच मात्र भरी जा रही है। । जीरो डोस टीके नही लग रहे है। Referal out रजिस्टर में वाहन की जानकारी नही भरी जाती है। डायट में मात्र दाल रोटी ही दी जा रही है एवं अभिलेख अद्यतन नही पाये गये। । ए0एन0सी0 व लेबर रूम रजिस्टर में Summary Sheet नही भरी जाती है। | डायट के टेण्डर की प्रति प्राप्त कर संस्था से टेंडर अनुसार भोजन उपलब्ध कराने हेतु लिखित में पत्र दिया जाये तत्पश्चात भी सही डायट न देने पर मु0चि0अधि0 महोदय को पत्र प्रेषित किया जाये। जीरो डोस देना सुनिश्चित करे। समस्त अभिलेखों को अद्यतन कराने एवं का सुझाव दिया गया। | चिकित्सा अधीक्षक<br>मु0चि0अधि0 |
| वित्तीय वर्ष 2019-20 में अप्रैल 19 से जे0एस0वाई का भुगतान लंबित पाया गया। श्री मुकुल कुमार गुप्ता, बैम की तैनाती मात्र 02 दिवस प्रति सप्ताह के लिये की गयी है, जिनमें अधिकतर वो अवकास ले लेते है या आते नही है। | चिकित्सा अधीक्षक से उक्त के विरूद्व नियमानुसार अग्रेतर कार्यवाही करने का सुझाव दिया गया तथा डी0पी0एम0यू0 द्वारा बैम की उपस्थिति सुनिश्चित कराने को कहा गया। | चिकित्सा अधीक्षक /डी0पी0एम0यू0 |
| **औषधिया/उपकरणंः–** | | |

| | | |
|---|---|---|
| ...लय में कयी औषधियों उपलब्ध नही पायी गयी। चिकित्सालय ...o Misoprostol, Albendazole, IFA Syrp., Inj Mag. Sulp., ...anus Toxoid Antirabis आदि उपलब्ध नही है। | महात्वपूर्ण उपकरण एवं औषधियों को उपलब्ध कराने हेतु सी0एम0एस0डी0 भण्डार जाकर देखा गया वहां समस्त औषधियां उपलब्ध पायी गयी। चिकित्सालय से इन्डैन्ट प्रकिया कर तुरत औषधियां उपलब्ध कराने का सुझाव दिया गया। | चिकित्सा अधीक्षक |
| परिवार नियोजन– | | |
| कण्डोम बाक्स नहीं लगा था। | औषधि वितरण कक्ष के बाहर कण्डोम बाक्स लगवाने का सुझाव दिया गया। | चिकित्सा अधीक्षक |
| गर्भनिरोधक साधनों का स्टॉक निर्धारित फार्मेट पर मेन्टेन नहीं किया जा रहा है। आई0यू0सी0डी0 विगत माह से उपलब्ध नहीं था। | तीन माह का बफर स्टाक रखते हुए समय पर जनपद से मांग की जाए। राज्य स्तर से वार्ता कर मण्डल से किसी अधिकारी को भेजकर आई0यू0सी0डी0 प्राप्त करने का सुझाव दिया गया। | जिला फैमिली प्लानिंग स्पेशलिस्ट / चिकित्सा अधीक्षक |

संलग्न– चेकलिस्ट।

**नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र– मौ0 रविदास नगर, बिजनौर–**

| अवलोकन बिन्दु | सुझाव / सुधारात्मक कार्यवाही | जिम्मेदारी |
|---|---|---|
| **चिकित्सालय परिसरः–** | | |
| नगरीय प्रा0स्वा0केन्द्र पर प्रसव नही कराये जा रहे है । इकाई को हैल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर भी स्थापित किया गया है परन्तु स्टाफ उपलब्ध नही है। परिसर में साफ–सफाई व्यवस्था संतोषजनक पायी गयी। इकाई एक गली में संचालित है तथा साकंतेक भी नही लगा पाया गया। | नगरीय प्रा0स्वा0केन्द्र पर प्रसव शुरू कराये जाये नया सांकेतक लगवाने का सुझाव दिया गया। | चिकित्सा प्रभारी |
| सिटीजन चार्टर डिस्प्ले था। 5'5 मैट्रिक्स डिस्प्ले नहीं था। पावर बैकअप हेतु बैटरी खराब पायी गयी। | 5'5 मैट्रिक्स जनपद से प्राप्त कर उपयुक्त स्थानों पर लगाने का सुझाव दिया गया। नयी बैटरी लगवाने का सुझाव दिया गया। | चिकित्सा प्रभारी |
| परिसर के अन्दर शिकायत पेटिका पायी गयीं किन्तु खुली हुई थी। शिकायत निवारण कमेटी का गठन रिकार्ड भी उपलब्ध नही मिला। | शिकायत पेटिका मे ताला लगवाने का एवं शिकायत निवारण कमेटी का गठन व रिकार्ड मेण्टेन करने का सुझाव दिया गया। | चिकित्सा प्रभारी |
| **मानव संसाधन / अन्य** | | |
| चिकित्सा इकाई में डा0 रिजवान खान, चिकित्सक, 01 स्टाफ नर्स, सुश्री प्रीति व अल्का– 02 ए0एन0एम0 एवं 06 ए0एन0एम0 तैनात है। डा0 रिजवान खान 01 सप्ताह से अनुपस्थित पाये गये। डा0 खान का एन0सी0डी0 प्रशिक्षण हो चुका है। | चिकित्सा अधिकारी की ससमय उपस्थिति अपेक्षित है। | चिकित्सा प्रभारी |
| **आई0ई0सी0:–** | | |
| परिसर में भ्रमण के दौरान समस्त कार्यक्रमों की विभिन्न आई0ई0सी0 पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं थी। | पुरानी आई0ई0सी0 डिस्प्ले अपडेटेड करने का सुझाव दिया गया। विभिन्न कार्यक्रमों यथा जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, टीकाकरण, बाल स्वास्थ्य, परिवार नियोजन आदि की उपलब्ध सुविधाओं व सेवाप्रदाताओं का विवरण, फैमिली प्लानिंग इण्डेमनिटी स्कीम आदि का वाल पेन्टिंग के माध्यम से डिस्प्ले कराये जाने का सुझाव दिया गया। | चिकित्सा प्रभारी |
| **परिवार नियोजन–** | | |
| होम डिलीवरी आफ कन्ट्रासेप्टिव स्कीम के तहत आशाओं को गर्भनिरोधक सामग्री का वितरण नहीं किया जा रहा है। | होम डिलीवरी आफ कन्ट्रासेप्टिव स्कीम के दिशा निर्देशों का भली भांति अध्ययन किया जाये व प्रत्येक आशा के मांग के अनुरूप गर्भनिरोधक सामग्री का वितरण आशाओं को नियमित रूप से किया जाय। | सम्बन्धित स्टाफ |
| **मातृत्व स्वास्थ्यः–** | | |
| केन्द्र पर डिलिवरी हेतु कैलिस पैड, मैकिन्टोस इत्यादि भी उपलब्ध नही है। औषधियों की कमी पायी गयी। | डिलिवरी हेतु आवश्यक उपकरण एवं अन्य सामान उपलब्ध कराया जाये। औषधियों हेतु इन्डेन्ट कर मंगवाया जाना अपेक्षित है। | अरबन कोआर्डिनेटर |
| ए0एन0एम0 / आशा का माइको प्लान उपलब्ध नही पाया गया। | अभिलेख / प्लान अद्यतन कराने की आवश्यकता है। | |

## उपकेन्द्र – राहूननगली – बिजनौर

सम्पर्क ए0एन0एम0– श्रीमती पीयूषलता।

| अवलोकन बिन्दु | सुझाव / सुधारात्मक कार्यवाही | जिम्मेदारी |
|---|---|---|
| **उपकेन्द परिसरः–** | | |
| परिसर में साफ–सफाई व दीवारों की रंगाई–पुताई की गयी है। इमारत की छत टूटी पायी गयी एवं सुदढीकरण की आवश्यकता है। पल्स पोलियों डे होने के कारण वी0एच0एन0डी0 नही की जाती पायी गयी। उपकेन्द्र पर ताला लगा पाया गया। | परिसर की सुदढीकरण कराने का सुझाव दिया गया। प्रत्येक सामग्री यथास्थान रखने का सुझाव दिया गया। | सम्बन्धित अधिकारी / ए0एन0एम0 |
| **आई0ई0सी0:–** | | |
| भ्रमण के दौरान समस्त कार्यक्रमों की विभिन्न आई0ई0सी0 उपलब्ध नहीं थी। | विभिन्न कार्यक्रमों की अपडेटेड आई0ई0सी0 यथास्थान डिस्प्ले कराये जाने का सुझाव दिया गया। | ए0एन0एम0 |
| **प्रसव कक्षः–** | | |
| लेबर रूम में ट्रेज, एस0बी0ए0 प्रोटाकालपोस्टर्स, पर्दे आदि मानकानुसार नहीं पाये गये, लेबलिंग नियमानुसार नहीं की गयी थी। प्रसव नही किये जाते पाये गये। ए0एन0एम0 के प्रशिक्षण कराने की आवश्यकता है। | एम0एन0एच0 टूल का अध्ययन करने व एस0बी0ए0 प्रोटाकालपोस्टर्स आदि लगवाने का एवं नियमित रूप से औषधियां चैक करने का सुझाव दिया गया। | ए0एन0एम0 |
| ए0एन0सी0:– गर्भवती महिलाओं को दी जाने वाली समस्त सेवाओं की जानकारी ए0एन0एम0 को नहीं थी। | ए0एन0एम0 को जानकारी दी गई व सहायक सामग्रियों का नियमित अध्ययन करने का सुझाव दिया गया। | ए0एन0एम0 |
| **परिवार नियोजन–** | | |
| गर्भनिरोधक साधनों को स्टॉक निर्धारित फार्मेट पर मेन्टेन नहीं किया जा रहा है। | गर्भनिरोधक साधनों को स्टॉक निर्धारित फार्मेट पर मेन्टेन करना अपेक्षित है। | ए0एन0एम0 |
| गर्भनिरोधक सामग्रियॉ कण्डोम, माला–एन, आई0यू0सी0डी0 पिछले एक माह से उपलब्ध नहीं है। | तीन माह का बफर स्टाक रखते हुए समय पर जनपद से मांग की जाये। | |
| आशाओं को योजनाओं एवं दी जाने वाली प्रोत्साहन राशियों की पूर्ण जानकारी नहीं थी। | बी0पी0एम0 को निर्देशित किया गया कि बी0सी0पी0एम0 व एच0ई0ओ0 आदि के माध्यम से समस्त योजनाओं के बारे में आशाओं का क्षमता वर्द्वन किया जाए। | बी0सी0पी0एम0 व एच0ई0ओ0 |
| **रिकार्ड कीपिंग**–ए0एन0एम0 द्वारा ए0एन0सी0 रजिस्टर, परिवार नियोजन रजिस्टर, स्टाक रजिस्टर, वी0एच0एस0एन0सी0रजिस्टर, सास–बहू सम्मेलन रजिस्टर आदि नहीं दिखाया जा सका। | समस्त रिकार्ड मेण्टेन करते हुए उपकेन्द्र पर रखना अपेक्षित है। | ए0एन0एम0 |
| **वित्त**–आशा / ए0एन0एम0 द्वारा इकाई में कराये गये कार्यो के बीजक उनकी पर्स में रखे पाये गये। जिनको ट | बीजक व्यवस्थित कराके फाइल बनवायी गयी। तथा अन्य कार्यो हेतु शेष धनराशि की मांग करने को कहा गया। टीम द्वारा प्रधान से समन्वय स्थापित कर उपकेन्द्र के सुदढीकरण करने आदि कार्यो को पूर्ण कराया जाना अपेक्षित है। | आशा / ए0एन0एम0 / प्रधान |

## सामुदायिक गतिविधियॉं : ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस सत्र।

ग्राम– मथुरापुर मोड किला, तारापुर

सम्पर्क : आशाः– श्रीमती प्रभा देवी, आगंनवाडी–श्रीमती सरोज।

- आशा के पास माइक्रोप्लान उपलब्ध नही था।
- पन्चर प्रुफ वाक्स, जिंक, ओ0आर0एस0, मूका टेप, MBI Kit, Sanitary napkin, यूरिन टेस्ट किट एवं ब्लड टेस्ट किट उपलब्ध नही थी।
- क्षेत्र में अधिकतर प्रसव जांच आर0आई0 सेशन में हो जाती है किन्तु प्रसव कोटद्वार – उत्तराखण्ड मे कराये जाते है क्योकि माताओं को वहां अधिक सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हो जाती है जिससे आशा का पेमंट नही पाता है। लोगो में जागुरूकता की आवशयकता है तथा स्वास्थ्य इकाई मे उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं को अधिक आसान कराने की आवश्यकता है।
- सनैटरी नैपकिन विगत् 01 वर्ष से उपलब्ध नही है।

संलग्न– चेकलिस्ट।

## ...ा चिकित्सालय,

...कारी– डा0 आभा वर्मा, चिकित्सा अधीक्षिका।

| अवलोकन बिन्दु | सुझाव / कृत सुधारात्मक कार्यवाही | जिम्मेदारी |
|---|---|---|
| ... संसाधन / अन्य | | |
| ...कित्सा इकाई में 10 चिकित्सक, 20 स्टाफ नर्स, 03 ए0एन0एम0 एवं 01 अर्श परामर्शदाता तैनात है। डा0 आभा वर्मा, चिकित्सा अधीक्षिका से हुयी वार्ता के कम में ज्ञात हुआ कि चिकित्सालय में तैनात उपरोक्त समस्त प्रशिक्षित है। चिकित्सालय की इमारत का सुदढीकरण, पुराने उपकरण जिनको सुधारा न जा सकता हो उनको कन्डम कराते हुये नये उपकरणों का कय एवं औषधियों की पूर्ति की आवश्यकता है। हारिजेन्टल आटोक्लेव की आवश्यकता है। | चिकित्सा अधीक्षिका महोदया को आर0के0एस0 के मद से कार्य कराने एवं अतिरिक्त धनराशि की मांग हेतु अग्रतर कार्यवाही करने का सुझाव दिया गया। | डी0पी0एम0यू0 / चिकित्सा अधीक्षिका |
| चिकित्सालय परिसरः– | | |
| चिकित्सालय में पावर बैकअप हेतु उपलब्ध जेनरेटर की क्षमता से अधिक की क्षमता के जेनरेटर की आवश्यकता है। | प्रस्ताव मु0चि0अधि0 महोदय को प्रेषित किया जाये। | चिकित्सा अधीक्षिका |
| सिटीजन चार्टर अपडेटेड डिस्प्ले नहीं था। परिसर में 03 टी0वी0 लगे पाये गये किन्तु अकियाशील थे। | सिटीजन चार्टर को उचित स्थान पर अपडेट कराते हुए डिस्प्ले करने का एवं टी0वी0 को ठीक कराने का सुझाव दिया गया। | मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका, |
| शिकायत पेटिका उपलब्ध था किन्तु उपयोग में नही था। अभिलेख उपलब्ध नही पाये गये। | शिकायत निवारण पेटिका सही जगह लगाने व मानकानुसार क्रियाशील करने का सुझाव दिया गया। | मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका, |
| आई0ई0सी0:– | | |
| परिसर में भ्रमण के दौरान समस्त कार्यक्रमों की विभिन्न आई0ई0सी0 उपलब्ध नहीं थी। जो आई0ई0सी0 उपलब्ध थे वे काफी पुराने व धुधले हो चुके थे। डाइट चार्ट भी डिस्प्ले नहीं था। | अपडेटेड आई0ई0सी0 डिस्प्ले करने का सुझाव दिया गया। विभिन्न कार्यक्रमों यथा जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, टीकाकरण, बाल स्वास्थ्य, परिवार नियोजन आदि की उपलब्ध सुविधाओं व सेवाप्रदाताओं का विवरण, फैमिली प्लानिंग इण्डेमनिटी स्कीम आदि का वाल पेन्टिंग के माध्यम से डिस्प्ले कराये जाने का सुझाव दिया गया। | मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका, |
| प्रसव कक्षः– | | |
| प्रसव कक्ष हेतु उपलब्ध ए0सी0 अकियाशील है। पुरानी लेबर टेबल अत्यंत जर्जर अवस्था में पायी गयी नवीन लेबर टेबल की आवश्यकता है। आक्सीटोसिन इन्जेक्शन के रखने हेतु फ्रिज उपलब्ध नही थी। | ए0सी0, लेबर टेबल एवं फ्रिज की उपलब्धता किया जाना अपेक्षित है। | मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका, |
| प्रसव, ए0एन0सी0, 102, 108 इत्यादि के रजिस्टर प्रन्टेड एवं निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध नही पाये गये। साथ ही प्रसव रजिस्टर समुचित रूप में भरा नही था। बी0एस0टी0 एवं पार्टोग्राफ भी भरा नही पाया गया। | रजिस्टर प्रिन्टेड एवं निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध कराये तथा समस्त कालम एवं पार्टोग्राफ भरना अपेक्षित है। | डी0पी0एम0 स्टाफ नर्स |
| परिवार नियोजन– | | |
| महिला वार्ड में भर्ती महिला लाभार्थियों या उनके परिजनों को काउन्सलर द्वारा परिवार नियोजन, स्तनपान आदि के बारे में परामर्श दिया जा रहा है। | निर्देश दिया गया कि भर्ती महिला लाभार्थियों या उनके परिजनों को परिवार नियोजन, स्तनपान आदि के बारे में सम्पूर्ण परामर्श दिया जाये। | परिवार नियोजन, काउन्सलर |
| पी0पी0आई0यू0सी0डी0 इन्सर्शन हुए लाभार्थियों का फालोअप नहीं किया जा रहा है। ड्यू डेट से फालोअप रिकार्ड मैच नहीं कर रहे थे। फालोअप नही किया जा रहा है। | चिकित्सा अधीक्षिका को सुझाव दिया गया कि प्रत्येक माह सेवाप्रदातावार उपलब्धि समीक्षा करें एवं इकाई में होने वाले प्रसव के सापेक्ष 30 प्रतिशत से अधिक पी0पी0आई0यू0सी0डी0 इन्सर्शन कराया जाना अपेक्षित है | परिवार नियोजन, काउन्सलर |
| गर्भनिरोधक साधनों को स्टॉक निर्धारित फार्मेट पर मेन्टेन नहीं किया जा रहा है। | तीन माह का बफर स्टाक रखते हुए समय पर जनपद से मांग की जाये। | चीफ फार्मासिस्ट |
| मातृत्व स्वास्थ्य– | | |
| लेबर रुम एवं वार्ड के बाहर ड्यूटी चार्ट नहीं लगाया पाया गया। | ड्यूटी चार्ट लगाये जाने का सुझाव दिया गया। | मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका, |

| | | |
|---|---|---|
| वार्ड में जे0एस0वाई0,जे0एस0एस0के0, 102, 108 ,स्तनपान से संबंधित वाल पेंटिंग उपलब्ध समुचित रूप में उपलब्ध नही पायी गयी। | जे0एस0वाई0, जे0एस0एस0के0, 102, 108, स्तनपान से संबंधित वाल पेंटिंग करायी जाये। | मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका, |
| जे0एस0वाई0, डायट, एवं आर0के0एस0 का रजिस्टर प्रपत्र व मानकानुसार नहीं बनाये जा रहें है। | सभी रिकार्ड मानकानुसार पूरा कराने को कहा गया। | मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका |
| महिला वार्ड में महिला लाभार्थियों के साथ कई परिजन उपस्थित थे। | स्टॉफ नर्स को निर्देश दिया गया कि महिला लाभार्थियों के साथ एक ही परिजन उपस्थित रहें। | ड्यूटी प्रभारी |
| महिला वार्ड में भर्ती महिला लाभार्थियों या उनके परिजनों को काउन्सलर द्वारा परिवार नियोजन, स्तनपान आदि के बारे में पर्याप्त परामर्श नही दिया जा रहा है। | भर्ती महिला लाभार्थियों या उनके परिजनों को परिवार नियोजन, स्तनपान आदि के बारे में सम्पूर्ण परामर्श दिया जाना अपेक्षित है। | परिवार नियोजन, काउन्सलर |
| **बाल स्वास्थ्य–** | | |
| अवगत कराया गया कि रेडियंट वार्मर प्रायः खराब हो जाते है साथ ही तापमान भी समुचित रूप में मेंटेन नही कर रहे है। | टेक्नीशियन से संपर्क कर रेडियंट वार्मर ठीक करा लिये जाये। नवीन रेडियंट वार्मर क्रय करने हेतु मु0चि0अधि0 को पत्र प्रेषित किया जाये। | मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका |
| एस.एन.सी.यू. में संदर्भित मरीजों की संख्या काफी कम है। स्टाफ को यूनिवर्सल प्रीकॉशन की जानकारी नहीं थी। आर0बी0एस0के0टीमें व आशाओं का अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा है। | आर0बी0एस0के0टीमें व आशाओं का अपेक्षित सहयोग प्राप्त कर लाभार्थियों की संख्या बढाना अपेक्षित है। | डी0आई0सी0 |
| अवगत कराया गया कि एस0एन0सी0यू0 में नेट कनेक्शन न होने के कारण रिर्पोट इत्यादि नही प्रेषित की जा रही है। | नेट की सुविधा उपलब्ध कराये जाने हेतु मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका महोदया द्वारा संबिधत को निदेर्शित किया गया। | मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका, |
| | | |
| **किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम–** | | |
| एन.आर.सी. में आर.बी.एस.के. टीम द्वारा SAM के मरीजों का संदर्भन नगण्य है। किशोर स्वास्थ्य क्लीनिक में काउन्सलर सुश्री लता तैनात मिली। क्लीनिक को नयी बिल्डींग मे स्फिट किया गया है। क्लीनिक में हाईट नापने का फीता, बी0एम0आई0 चार्ट, स्नेलेंस वाक्स विद मिरर एवं एलबेन्डाजोल की गोलियां अनुपलब्ध है। आउटरीच रजिस्टर प्रिंटिड नही है। क्लीनिक में माह मई 2019 से लॉजिस्टिक एवं मेडीसिन का स्टॉक समाप्त हो चुका है। क्लीनिक में कम्प्यूटर व प्रिन्टर नही है एवं आई0ई0सी0 की कमी पायी गयी। चिकित्सा अधिकारी, ए0एन0एम0/एल0एच0वी0 को ए0एफ0एच0एस0 पर प्रशिक्षित किया जाना है। क्लीनिक को नयी बिल्डींग में स्थान दिया गया किन्तु समस्त अभिलेख पुरानी बिल्डींग में है, उक्त हेतु लेबर की आवश्यकता है। विगत् तीन माह में कुल 1388 क्लांइट परामर्श प्राप्त कर चुके है। आउटरीच की धनराशि माह सितम्बर 2018 से लम्बित है। | आर0बी0एस0के0 टीम के अभिमुखीकरण करने की आवश्यकता है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में प्रिन्टड रजिस्टर एवं आई0ई0सी0 आ चुकी है। उनको तत्काल इकाई में आवंटित कराने हेतु अग्रेतर कार्यवाही अपेक्षित है। क्लीनिक के समस्त अभिलेख/उपकरण क्लीनिक में उपलब्ध होने आवश्यक है। इकाई के सफाई कर्मी/वार्ड व्याय की सहायता से क्लीनिक के उपकरण व अभिलेख नयी बिल्डींग में स्फिट करने का सुझाव दिया गया। उक्त धनरारिश का तत्काल भुगतान करने व ससमय बीजक प्रस्तुत करने का सुझाव दिया गया। | नोडल आर0सी0एच0 |
| आपरेशन थियेटर में संक्रमण से बचाव के प्रोटोकाल्स फालो नहीं किये जा रहे थे। | आपरेशन थियेटर मानक के अनुरुप व समस्त सम्बन्धित रिकार्ड मेण्टेन कराये जाने का सुझाव दिया गया। | मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका, |
| बायोमेडिकल वेस्ट के अनुबंध की छाया प्रति उपलब्ध नही पायी गयी साथ संस्था द्वारा दिये जाने वाले कंजयूमेबल के संबंध में समुचित जानकारी नही पायी गयी। | छाया प्रति उपलब्धता सुनिश्चित कर प्राप्त होने वाले कंजयूमेबल का अलग से रिकार्ड मेन्टेन किया जाये। | मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका, |

Saurabh
26/07/19